मोर

(कविता)

6

राष्ट्रीय पक्षी हूँ मैं तो,
कहते मुझको 'मोर'।
छत पर या जंगल में करता
'पिहू-पिहू' का शोर।।
सतरंगी मैं छटा बिखेरूँ
इंद्रधनुष के जैसी।
मुझमें ख़ूबी जैसी होती,
नहीं किसी में वैसी।
नृत्य दिखाने लगता जब भी,
घिरे घटा घनघोर।।
मस्ती का मैं संवाहक हूँ,
खुशियों का मैं दाता,
बूढ़ों को राज़ी कर देता,
बच्चों को हर्षाता।
देखा करे एकटक जो भी
देखे मेरी ओर।।
मेरे पंख 'कृष्ण' को भाए,
सारी दुनिया जाने।
राजू, राधा, श्यामा, गोकुल,
मेरी कीर्ति बखानें।
मित्र बना लो, मित्र बनूँगा,
वरना हूँ चितचोर।।

शब्द-अर्थ

नृत्य — नाच *(dance)*, संवाहक — संदेश पहुँचाने वाला *(postman)*,
दाता — देने वाला *(giving)*, हर्षाता — ख़ुश करता *(happiness)*,
कीर्ति बखानें — प्रशंसा करते हैं *(compliment)*।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए–

राष्ट्रीय	सतरंगी	इंद्रधनुष	संवाहक
कीर्ति	श्यामा	हर्षाता	चितचोर

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन है?

(ख) बादलों को देखकर मोर क्या करता है?

(ग) मोर के पंख किसे भाते हैं?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

(क) मोर करता है–

☐ टें-टें ☐ चीं-चीं ☐ पिहू-पिहू

(ख) मोर संवाहक है–

☐ बाढ़ का ☐ मस्ती का ☐ बीमारी का

(ग) मोर बिखेरता है–

☐ पँचरंगी छटा ☐ नवरंगी छटा ☐ सतरंगी छटा

2. पंक्तियों को क्रम में लगाकर पुनः लिखो–

'पिहू-पिहू' का शोर
कहते मुझको मोर
राष्ट्रीय पक्षी हूँ मैं तो
छत पर या
जंगल में करता

3. सही शब्दों से वाक्य पूरे करो–

(क) इंद्रधनुष में .... रंग होते हैं। (आठ/सात)

(ख) मोर ख़ुशियों का .... है। (दाता/दाना/राजा)

(ग) मोर के .... कृष्णा को भाए। (पूँछ/चोंच/पंख)

(घ) .... देखने पर मोर नाचने लगता है। (नाटक/बादल)

4. कम शब्दों में–

(क) मोर ने अपने पंखों की तुलना किससे की है? ....

(ख) मोर किसका संवाहक और दाता है? ....

(ग) गोकुल क्या कर रहा है? ....

भाषा-ज्ञान

1. समान अर्थ देने वाले शब्द समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो–

मोर ....

कृष्ण ....

जंगल ....

मित्र ....

2. अनुस्वार या अनुनासिक लगाकर शब्द पूरे करो–

जगल बिखेरू

बनूगा सवाहक

पख इद्रधनुष

सतरगी मै

क्रियात्मक गतिविधि

- भारत को अनेक राज्यों में बाँटा गया है। उनके अलग-अलग राज्य-पक्षी हैं। कौन-सा पक्षी किस राज्य का राज्य-पक्षी है? तालिका बनाकर कक्षा में टाँगो। इसके लिए आप इंटरनेट की भी सहायता ले सकते हैं।
- पक्षियों से संबंधित कविताओं, गीतों का संकलन करके सस्वर गायन कीजिए।